आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 20.11.2026 समय : 0705

<><><><><><><><>

1. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के पुराना किला में शंघाई सहयोग संगठन–एससीओ के पहले सभ्यतागत संवाद मंच का उद्घाटन करेंगे।
2. उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने नगरपालिका परिषद को वेतन मद के तहत 56.16 करोड़ रुपये के सहायता अनुदान को मंजूरी दी।
3. लोक निवास में जनता दर्शन कार्यक्रम का आयोजन– आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि आज।
4. पर्यटन निदेशालय की ओर से 3 और 4 दिसंबर को आसियान–भारत सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा।

<><><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली के पुराना किला में शंघाई सहयोग संगठन–एससीओ के पहले सभ्यतागत संवाद मंच का उद्घाटन करेंगे। वे इस अवसर पर उपस्थित जनसमूह को संबोधित भी करेंगे। तीन दिन के इस मंच का उद्देश्य क्षेत्र की समृद्ध और परस्पर जुड़ी सभ्यतागत विरासत का उत्सव मनाना, लोगों के बीच आपसी संपर्क मजबूत करना तथा विभिन्न संस्कृतियों के बीच संवाद और सहयोग को बढ़ावा देना है।

<><><><><><><><>

द्वीपसमूह के सांसद बिष्णु पद रे और श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद अध्यक्षा एम वसंता ने दिशा बैठक के दौरान कोष की कमी के कारण नगरपालिका परिषद के कर्मचारियों के वेतन भुगतान में हो रही देरी का मुद्दा उठाया था। इस पर कार्रवाई करते हुए, उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा ने वेतन मद के तहत 56.16 करोड़ रुपये के सहायता अनुदान को मंजूरी दे दी है ।

<><><><><><><><>

ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक डी. पी. अग्रवाल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने लोक निवास में उपराज्यपाल डॉ. दिनेश शर्मा से शिष्टाचार भेंट की। बैठक के दौरान द्वीपसमूह में माल ढुलाई को मजबूत करने, अंतर–द्वीपीय संपर्क में सुधार करने, आपूर्ति श्रृंखला को सुगम बनाने और दूरस्थ द्वीपों तक आवश्यक वस्तुओं की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने जैसे विषयों पर चर्चा की गई। 5 दिवसीय अध्ययन दौरे के तहत द्वीपसमूह की यात्रा पर आए हरियाणा विधानसभा की युवा कल्याण एवं युवा मामले समिति के विधायक हरिंदर सिंह, सतपाल जांबा, बलराम डांगी, शीशपाल सिंह और अवर सचिव नवीन ने उपराज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की। जी.बी. पंत अस्पताल के ENT विभाग के प्रोफेसर और विभागाध्यक्ष डॉ. गुरुमणि; ऑल–इंडिया फेडरेशन ऑफ ड्राइविंग स्कूल एसोसिएशन के एक प्रतिनिधिमंडल; और मध्योत्तर अंडमान के पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष जी. कूर्मा राव तथा अन्य सदस्यों ने भी उपराज्यपाल से मुलाकात की। वहीं, उपराज्यपाल द्वारा कल लोक निवास में स्थानीय निवासी सुजाता जी को उनके बेटे के उपचार के लिए जनता दर्शन के दौरान घोषित 1 लाख रुपये की आर्थिक सहायता भी प्रदान की गई। इस दौरान प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष से आगे की आर्थिक सहायता के लिए एक पत्र भेजने के निर्देश भी जारी किए गए।

<><><><><><><>

विज्ञान केन्द्र की ओर से युवाओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, रचनात्मकता, नवाचार और वैज्ञानिक जिज्ञासा की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से कक्षा आठवीं से ग्यारहवीं के छात्रों के लिए एक राज्य स्तरीय विज्ञान परियोजना प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। यह प्रतियोगिता 5 दिसंबर को दोपहर साढ़े बारह बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक विज्ञान केन्द्र में आयोजित की जाएगी। इस प्रतियोगिता में छात्रों को वर्किंग मॉडल और विज्ञान–आधारित परियोजनाओं के माध्यम से अपने वैज्ञानिक विचारों, नवाचारों और रचनात्मकता को प्रदर्शित करने के लिए आमंत्रित किया गया है। प्रत्येक स्कूल अधिकतम दो वर्किंग प्रोजेक्ट नामांकित कर सकता है, जिसमें प्रत्येक प्रोजेक्ट का प्रतिनिधित्व एक छात्र करेगा। इच्छुक स्कूलों और छात्रों से 2 दिसंबर को दोपहर 2 बजे तक वर्किंग मॉडल के संक्षिप्त विवरण के साथ अपने नामांकन व्हाट्सएप के माध्यम से 9434263302 पर भेजने को कहा गया है।

<><><><><><><>

दूरदर्शन केंद्र, श्री विजय पुरम की ओर से लाइव फोन–इन कार्यक्रम 'हेलो डॉक्टर' का प्रसारण किया जाएगा। 'स्ट्रोक – लक्षण, सावधानियां और उपचार' विषय पर चिकित्सा विशेषज्ञा डॉ. शहाना सफीक दर्शकों के सवालों का जवाब देंगी। कार्यक्रम शाम 6 बजे से प्रसारित किया जाएगा।

<><><><><><><>

लोक निवास में 30 नवम्बर को 'जनता दर्शन' कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। जनता दर्शन कार्यक्रम में भाग लेने के इच्छुक सभी व्यक्तियों से राज्य पोर्टल और दक्षिण अंडमान जिले की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक के माध्यम से अपना पंजीकरण कराने का अनुरोध किया गया है। लोग दोपहर 3 बजे से शाम 4 बजे के बीच दक्षिण अंडमान जिला उपायुक्त कार्यालय में स्वयं उपस्थित होकर भी अपने अनुरोध जमा कर जनता दर्शन के लिए पंजीकरण करा सकते हैं। वरिष्ठ नागरिकों और दिव्यांगजनों को प्राथमिकता दी जाएगी। मुलाकात का समय पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर दिया जाएगा। आवेदन जमा करने की आज अंतिम तिथि है।

<><><><><><><>

पर्यटन निदेशालय की ओर से आगामी 'समुद्री साहसिक पर्यटन और सांस्कृतिक संबंधों पर आसियान–भारत सम्मेलन' में भाग लेने के लिए स्थानीय टूर ऑपरेटरों, क्रूज ऑपरेटरों और होटल व्यवसायियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। यह सम्मेलन 3 और 4 दिसंबर को स्वराज द्वीप में आयोजित होगा। इस कार्यक्रम में क्षेत्रीय सहयोग को बढ़ावा देने के लिए आसियान सदस्य देशों और भारत के प्रतिनिधियों, राजनयिकों और उद्योग जगत के नेता भाग लेंगे। विषयगत सत्रों के साथ–साथ, सम्मेलन में बी 2 बी बैठकें, पर्यटन व्यापार एक्सपो और सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए भागीदारी शुल्क 10 हजार रूपये निर्धारित की गई है। इसके अलावा प्रदर्शनी स्टॉल और ट्रैवल डेस्क शुल्क 10 हजार रूपये प्रति स्टॉल रखा गया है। इच्छुक प्रतिभागी 'Chief Financial Officer, ANIIDCO Ltd' के पक्ष में जारी डिमांड ड्राफ्ट के साथ आवेदन फार्म 25 नवंबर, तक निदेशालय के योजना अनुभाग में जमा कर सकते हैं। आवंटन पहले आओ, पहले पाओ के आधार पर किया जाएगा।

<><><><><><><><>

ग्रामीण विकास, पंचायती राज संस्थाओं और शहरी स्थानीय निकाय निदेशालय, की ओर से आयोजित सरस आजीविका मेले में कल पांचवें दिन कुल 1,17,140 रूपये की बिक्री दर्ज की गई। इस मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन किए जा रहे हैं। यह मेला स्वयं सहायता समूहों और ग्रामीण उद्यमियों को स्थानीय रूप से निर्मित उत्पादों को प्रदर्शित करने, बाजार के अवसरों का विस्तार करने और ग्रामीण आजीविका को मजबूत करने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच प्रदान करता है। यह मेला 29 नवंबर तक चलेगा।

<><><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय के अंतर्गत राज्य स्वास्थ्य सोसायटी के राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम की ओर से हाल ही में 'तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान' विषय पर शिक्षकों के लिए दो दिवसीय राज्य स्तरीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में दक्षिण अंडमान के विभिन्न स्कूलों के शिक्षकों ने भाग लिया। प्रशिक्षण के दौरान तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान, मानसिक स्वास्थ्य, मौखिक स्वास्थ्य और पोषण विषय पर जानकारी दी गई।

<><><><><><><><>

श्री विजयपुरम नगरपालिका परिषद के कर्मचारियों के लिए विभिन्न हिन्दी प्रतियोगिताओं के आयोजन किए गए। इनमें अनुवाद, प्रश्नोत्तरी और कहानी–लेखन प्रतियोगिता शामिल थे। इसका उद्देश्य कर्मचारियों में राजभाषा हिंदी के प्रति रुचि पैदा करना और सरकारी कामकाज में इसके अधिक से अधिक उपयोग को प्रोत्साहित करना था। इस अवसर पर नगरपालिका परिषद के सचिव कमलेश्वर राव ने कहा कि राजभाषा हिंदी का उपयोग केवल औपचारिकता तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि इसे दैनिक सरकारी कामकाज का एक अभिन्न अंग बनाया जाना चाहिए। इस दौरान प्रतियोगिताओं के विजेताओं को पुरस्कृत भी किया गया।

<><><><><><><><>